# आईपीएल से पहले धोनी ने दिए नए रोल के संकेत

## सोशल मीडिया पर लिखा- सीजन और नई भूमिका के लिए इंतजार नहीं कर सकता



भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और आईपीएल फ्रैंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स के मौजूदा कैप्टन एमएस धोनी ने सोमवार को अपने फेसबुक अकाउंट पर एक दिलचस्प अपडेट किया। एम एस धोनी ने इस पोस्ट में लिखा, नए सीजन और नई भूमिका के लिए इंतजार नहीं कर सकता। बने रहें! हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि यह पोस्ट आईपीएल से जुड़ी हुई है या नहीं।

### सीएसके ने आईपीएल की तैयारियां जारी की

डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 के मौजूदा सीजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। चेपॉक स्टेडियम में शनिवार को फ्रेंचाइजी का ट्रेनिंग कैंप शुरू हो गया है। तेज गेंदबाज दीपक चाहर सहित आधा दर्जन प्लेयर्स इस कैंप का हिस्सा हैं, जबकि ऋतुराज गायकवाड चेन्नई पहुंच चुके हैं। हालांकि, धोनी के पहुंचने की पुष्टि नहीं हो सकी है। धोनी कुछ दिन पहले जामनगर में साक्षी के साथ मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग सेरेमनी में देखा गया था।

# भारत-पाक टी-20 वर्ल्ड कप मैच का टिकट 1.86 करोड़ का

## 9 जून को न्यूयॉर्क में मुकाबला; भारत-कनाडा मैच के टिकट की कीमत भी दोगुनी

अमेरिका और वेस्टइंडीज में इस साल जून में टी-20 वर्ल्ड कप होना है। टूर्नामेंट में 9 जून को भारत और पाकिस्तान के बीच न्यूयॉर्क में लीग मैच होना है। यह मैच पहले ही सोल्ड आउट हो चुका है। यानी इसके सारे टिकट बिक चुके हैं। अब कुछ री-सेल वेबसाइटों पर मुकाबले के टिकट 1.86 करोड़ रुपए तक में बिक रहे हैं। अमेरिका की न्यूज वेबसाइट ग्र टुडे के मुताबिक स्टबहब और सीटगीक जैसी वेबसाइटों पर भारत-पाक मैच की री-सेल टिकटें लाइव हो गई हैं। स्टबहब पर सबसे सस्ते टिकट की कीमत इस समय 1,259 अमेरिकी डॉलर यानी 1.04 लाख रुपए है। वहीं सीटगीक पर सबसे महंगे टिकट का दाम 1 लाख 75 हजार डॉलर है। इसमें 50,000 डॉलर की फीस एड करके टिकट कुल 2 लाख 25 हजार डॉलर का है। भारतीय करेंसी में यह रकम 1.86 करोड़ रुपए होती है। री-सेल टिकट उन टिकटों को कहा जाता है जिसे ऑफिशियल मीडियम से किसी ने खरीद रखा है और फिर इसे अन्य प्लेटफॉर्म पर बेच रहा हो। अमेरिका में इस तरह टिकट बेचना कानूनी रूप से मान्य है।

### भारत और पाकिस्तान के सभी लीग मैच अमेरिका में होंगे

टी-20 वर्ल्ड कप में 5-5 टीमों को 4 ग्रुप में बांटा गया। भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा गया है। इसी ग्रुप में आयरलैंड, कनाडा और अमेरिका भी हैं। भारत और पाकिस्तान अपने सभी मैच अमेरिका में ही खेलेंगे। भारत के दो मुकाबलों के टिकट सोल्ड आउट हो चुके हैं। इनमें भारत-पाकिस्तान मैच के अलावा भारत-कनाडा मुकाबला भी शामिल है।

### भारत बनाम कनाडा मैच के टिकट दोगुने दाम में बेचे जा रहे

भारत बनाम पाकिस्तान जैसे मैचों के साथ-साथ 15 जून को फ्लोरिडा में होने वाले कनाडा और भारत के बीच मैच के भी टिकट बिक चुके हैं। फ्लोरिडा में इन्हें उनकी मूल कीमतों से कम से कम दोगुने दाम पर बेचा जा रहा है।

### 1 से 29 जून तक खेला जाएगा टूर्नामेंट

आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप 1 से 29 जून तक वेस्टइंडीज और अमेरिका के 9 शहरों में खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में हैं, दोनों के बीच ग्रुप स्टेज का मुकाबला 9 जून को न्यूयॉर्क में खेला जाएगा।

वहीं फाइनल मैच 29 जून को वेस्टइंडीज के बारबाडोस शहर में होगा। टी-20 वर्ल्ड कप में पहली बार 20 टीमें शामिल की गई हैं, इससे पहले हुए 2 संस्करण में 16-16 टीमें थीं। इंग्लैंड डिफेंडिंग चैंपियन है, जबकि भारत ने 2007 में पहले ही टूर्नामेंट का खिताब जीता था।




### कनाडा-अमेरिका के बीच ओपनिंग मैच

**टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच कनाडा और होम टीम अमेरिका के बीच खेला जाएगा। मुकाबला एक जून को डलास में ही होगा। क्रिकेट इतिहास का पहला मुकाबला भी अमेरिका और कनाडा के बीच ही 1844 में खेला गया था। वेस्टइंडीज अपना पहला मैच 2 जून को पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ गुयाना में खेलेगा। टूर्नामेंट में 20 टीमों के बीच 29 दिन तक कुल 55 मैच खेले जाएंगे। ऐसा टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में पहली बार होगा। 1 से 17 जून तक ग्रुप स्टेज के 40 मैच होंगे। 19 से 24 जून तक सुपर-8 स्टेज के 12 मुकाबले खेले जाएंगे। 26 जून को गुयाना में पहला सेमीफाइनल और 27 जून को त्रिनिदाद में दूसरा सेमीफाइनल मैच होगा। 29 जून को बारबाडोस में फाइनल मैच खेला जाएगा।**

# रोहित और द्रविड़ धर्मशाला पहुंचे

## प्रैक्टिस सेशन में शामिल होना मुश्किल; बाकी प्लेयर्स 3 मार्च को पहुंच गए थे स्टेडियम

**धर्मशाला।**

टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ धर्मशाला पहुंच गए हैं। टीम के बाकी खिलाड़ी 3 मार्च को ही एचपीसीए स्टेडियम पहुंच गए थे। जहां 2 दिन बाद 7 मार्च से इंग्लैंड के खिलाफ 5वां टेस्ट खेला जाना है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रोहित और द्रविड़ एक स्टेट इवेंट में चीफ गेस्ट बन कर गए थे। वे दोपहर तक धर्मशाला पहुंचे। इसलिए उनका आज के प्रैक्टिस सेशन में भी शामिल होना मुश्किल है।

### टीम 3 मार्च को ही धर्मशाला पहुंच गई

इंग्लैंड और टीम इंडिया के खिलाड़ी 3 मार्च को ही धर्मशाला पहुंच गए। इनके साथ कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ स्टेडियम नहीं पहुंच सके। दोनों के मंगलवार सुबह तक ग्राउंड पहुंचने की उम्मीद थी, लेकिन दोनों दोपहर करीब 1:30 बजे तक ग्राउंड पहुंचे।

दोनों टीमें 3 मार्च को प्रैक्टिस शुरू करने वाली थी, लेकिन तेज बारिश के कारण प्रैक्टिस नहीं हो सकी। फिर 4 मार्च को मौसम साफ हुआ और दोनों टीमों ने तैयारी की। अब 5 मार्च को भी दोनों टीमों का प्रैक्टिस सेशन है, लेकिन इसमें रोहित और द्रविड़ के शामिल होने की संभावनाएं कम हैं।

### खेल महाकुंभ में शामिल होने गए थे रोहित-द्रविड़

रिपोर्ट्स के अनुसार, रोहित और द्रविड़ धर्मशाला से करीब 150 किमी दूर बिलासपुर गए थे। यहां उन्होंने कैबिनेट मिनिस्टर अनुराग ठाकुर के साथ खेल महाकुंभ के तीसरे संस्करण का उद्घाटन किया। रोहित इससे पहले बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग सेरेमनी में भी शामिल हुए थे।




### सीरीज में 3-1 से आगे है भारत

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट की सीरीज खेली जा रही है। 25 जनवरी से हैदराबाद में शुरू हुआ पहला टेस्ट इंग्लैंड ने 28 रन से जीता था। इसके बाद भारत ने लगातार 3 मुकाबले जीते और सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली।

**धर्मशाला में 7 साल बाद टेस्ट मैच हो रहा**-धर्मशाल में इतिहास का दूसरा ही टेस्ट मैच होगा। इससे पहले 2017 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां पहला टेस्ट मैच खेला गया। भारत ने इसे 8 विकेट से जीतकर सीरीज पर 2-1 से कब्जा किया था। अब भारत और इंग्लैंड के बीच यहां 7 मार्च से सीरीज का आखिरी मुकाबला खेला जाएगा।


# वानखेड़े में हो सकता है रणजी ट्रॉफी फाइनल

## मुंबई ने 48वीं बार खिताबी मुकाबले में जगह बनाई; विदर्भ-एमपी में सेमीफाइनल जारी

रणजी ट्रॉफी के 89वें सीजन का फाइनल मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में हो सकता है। होम टीम मुंबई ने सेमीफाइनल में तमिलनाडु को हराकर 48वीं बार रणजी के फाइनल में जगह बना ली। वहीं मध्य प्रदेश और विदर्भ टीम के बीच रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबला खेला जा रहा है। वानखेड़े स्टेडियम 2011 का वनडे वर्ल्ड कप फाइनल होस्ट करने के लिए फेमस है। जहां भारत ने श्रीलंका को हराकर ट्रॉफी जीती थी। यहीं क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर अपना आखिरी इंटरनेशनल भी मैच खेला था।

### एमसीए अधिकारी फाइनल कराने को तैयार

मुंबइ क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारियों ने मंगलवार को बताया, वानखेड़े स्टेडियम में ही फाइनल कराने के पूरे चांस हैं। आखिरी डिसिजन सेमीफाइनल के चौथे दिन तक आ जाएगा। एमसीए के सेक्रेटरी अजिंक्य नायक ने कहा, वानखेड़े स्टेडियम मुंबई क्रिकेट का घर रहा है। यहां 50 से ज्यादा सालों से मुंबई के होम मैच हो रहे। टूर्नामेंट की अहमियत और मुंबई क्रिकेट कम्यूनिटी को देखते हुए यहां फाइनल कराना बेस्ट डिसिजन होगा।



### तमिलनाडु के कोच बोले, टॉस के कारण हारे

मुंबई ने पहले सेमीफाइनल में तमिलनाडु को पारी और 70 रन से हराकर फाइनल में जगह बना ली। मुंबई तीसरे दिन ही मुकाबला जीतकर फाइनल में पहुंच गई। शतक बनाने वाले शार्दूल ठाकुर प्लेयर ऑफ द मैच रहे। मुंबई के खिलाफ सेमफाइनल में हार के बाद तमिलनाडु के कोच सुलक्षण कुलकर्णी ने कहा कि उनकी टीम टॉस के कारण हारी। अगर कप्तान साई किशोर टॉस जीतने पर पहले बैटिंग नहीं लेते तो सिचुएशन बदल भी सकती थी। मुंबई की पिच पर घास थी, इससे गेंदबाजों को मदद मिली और तमिलनाडु पहली पारी में 146 रन ही बना सका।

### मुंबई ने 41 बार जीता है खिताब

मुंबई 48वीं बार रणजी के फाइनल में पहुंचा है, टीम ने 41 बार खिताब जीता है। हालांकि टीम को आखिरी जीत 2015-16 के सीजन में मिली। 2021-22 के सीजन में टीम को मध्य प्रदेश के खिलाफ फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

# भारतीय टीम मैनेजमेंट से सुझाव लेकर बनाई जाएगी धर्मशाला पिच

## मैच पर बारिश का खतरा, पिच पर स्लो टर्न देखने को मिल सकता है

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला धर्मशाला में 7 मार्च से होना है। पांचवां टेस्ट शुरू होने में अब दो दिन का समय बचा है और क्यूरेटर पिच को अंतिम रूप देने के लिए टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ से चर्चा करेंगे। धर्मशाला में पिछले कुछ दिनों से बारिश हो रही है। ऐसे में क्यूरेटर को पिच पर काम करने का ज्यादा समय नहीं मिला है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बारिश रुकने के बाद क्यूरेटर पिच को आखिरी रूप देने से पहले भारतीय टीम मैनेजमेंट से चर्चा करेंगे। वहीं रोहित और राहुल द्रविड़ मंगलवार दोपहर को धर्मशाला पहुंच गए हैं।

हालांकि गुरुवार को शुरू होने वाले मैच से दो दिन पहले पिच को पूरी तरह से बदलना थोड़ा मुश्किल हो सकता है लेकिन उस पर कितनी घास रखनी है या कब पानी देना है, यह चर्चा पर निर्भर करेगा। हैदराबाद को छोड़कर बाकी जगह विशाखापट्नम, राजकोट और रांची में खेले गए टेस्ट में पिच पहले दो दिन बल्लेबाजों के योग्य था। हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में पिच पहले दिन से ही काफी टर्न ले रही थी, भारत को इस मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद टीम मैनेजमेंट ने बाकी के मैचों में भारतीय पारंपरिक पिच तैयार करने का ही फैसला किया। पारंपरिक पिच यानी पहले दो दिन बल्लेबाजों के लिए और उसके बाद तीसरे दिन पिच टर्न करना शुरू हो जाती है।

**सीरीज में 3-1 से आगे है भारत**-भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट की सीरीज खेली जा रही है। 25 जनवरी से हैदराबाद में शुरू हुआ पहला टेस्ट इंग्लैंड ने 28 रन से जीता था। इसके बाद भारत ने लगातार 3 मुकाबले जीते और सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली।

# पाकिस्तान में जूडो प्लेयर की मैच के दौरान मौत : खेलते हुए मैट पर गिरी 20 साल की प्लेयर, सिर पर चोट लगने से जान गई

पाकिस्तान में जूडो टूर्नामेंट के दौरान एक जुडोका की सिर में चोट लगने से मौत हो गई। यह घटना पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुई प्रतियोगिता के दौरान की है। 20 साल की फिजा शेर अली को 44 किलो वेट कैटगिरी में मैच के दौरान सिर में चोट लग गई। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### ट्रायल में भाग लेने के लिए आई थी

पाकिस्तान जूडो फेडरेशन के एक अधिकारी के अनुसार फिजा शेर पेशावर में बीएस फर्स्ट ईयर की छात्रा थीं। वह मर्दन में जूडो के लिए ट्रायल देने आई थीं। वह इस खेल में नई थीं। मैच के दौरान उनके सिर में चोट लग गई, जिसके बाद वह नीचे गिर गई। उन्हें तुरंत मेडिलक स्टाफ ने प्राथमिक उपचार दिया और अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**कुछ महीने पहले इस्लामाबाद में भी टेबल टेनिस खिलाड़ी की हो गई थी मौत**-कुछ दिन पहले, इस्लामाबाद में टेबल टेनिस की प्रतियोगिता के दौरान 16 साल की एक लड़की की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। वह ढ्ढझ्रस्न जूनियर टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए आई हुई थी।

# श्रीलंका ने बांग्लादेश को तीन रन से हराया

## पहले टी-20 में समरविक्रमा और कुसल मेंडिस के अर्धशतक, असलंका प्लेयर ऑफ द मैच

श्रीलंका ने पहले टी-20 मुकाबले में बांग्लादेश को तीन रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। दूसरा मुकाबला 6 मार्च को खेला जाएगा।

सोमवार को सिलहट क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। श्रीलंका ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 206/3 का स्कोर बनाया। जवाब में बांग्लादेश 20 ओवर में 8 विकेट पर 203 रन ही बना सका। महमूदुल्लाह और जाकेर अली के प्रयास व्यर्थ रहे।

श्रीलंका की ओर से कुसल मेंडिस और सदीरा समरविक्रमा ने अर्धशतक लगाया। दोनों ने साथ 96 रन की साझेदारी की। वहीं, तीन बॉलर्स को 2-2 विकेट भी मिले। चरिथ असलंका को 21 बॉल पर 44 रन की विस्फोटक पारी खेलने और 3 कैच लेने पर प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया।

### श्रीलंका के लिए समरविक्रमा और मेंडिस के बीच शानदार साझेदारी

श्रीलंका के लिए ओविष्का फर्नांडो और कुसल मेंडिस ने ओपनिंग की। फर्नांडो 4 रन बना कर आउट हो गए। तीसरे नंबर पर कामिंडु मेंडिस भी 19 रन ही बना सके। इसके बाद सदीरा समरविक्रमा आए और कुसल मेंडिस के साथ अर्धशतकीय साझेदारी की। मेंडिस और समरविक्रमा ने 96 रनों की साझेदारी की। दोनों बल्लेबाजों ने अर्धशतक जमाए। समरविक्रमा ने शानदार बल्लेबाजी की और 48 गेंदों पर नाबाद 61 रन बनाए। यह उनका दूसरा ञ्ज20द्ब अर्धशतक था और इस फॉर्मेट में उनका सर्वोच्च स्कोर भी था।

मेंडिस ने 36 गेंदों में शानदार 59 रन बनाए। वानिंदु हसरंगा की गैरमौजूदगी में कप्तान चैरिथ असलांका ने 21 गेंदों पर 44* रन की नाबाद पारी खेली। उन्होंने और समरविक्रमा ने साथ 73 रन जोड़े।



### बांग्लादेश की बल्लेबाजी फेल

ओपनर लिटन दास 0 रन और सौम्य सरकार 12 रन पर आउट हो गए। वहीं, तौहीद हृदोय को 8 रन पर सस्ते में चलते बने। इस विकेट ने मेजबान टीम का स्कोर 30/3 कर दिया। नजमुल हुसैन शान्तो रन 20 रन बना कर आउट हुए। उन्होंने महमुदुल्लाह के साथ 38 रन की साझेदारी करके टीम को मजबूत किया।

### महमुदुल्लाह और जाकेर ने लगाए अर्धशतक, गेम क्लोज लेकर गए

बांग्लादेश के लिए महमुदुल्ला और जाकेर अली ने अर्धशतक लगाए। महमुदुल्लाह ने 31 बॉल में 54 रन की पारी खेली। वहीं, जाकेर अली 34 बॉल में 68 रन बना कर मैच को क्लोज लेकर गए। मेहदी हसन 16 रन बना कर आउट हुए। आखिर में रिशाद हौसेन 0 रन बना कर आउट हो गए। तस्कीन अहमद 2 रन और शोरिफुल इस्लाम 4 रन बना कर नाबाद रहे।

### श्रीलंका के तीन बॉलर्स को 2-2 विकेट

श्रीलंका के लिए एंजेलो मैथ्यूज, बिनुरा फर्नांडो और दासुन शनाका ने 2-2 विकेट लिए। वहीं, महीश तीक्षणा और मथीशा पथिराना को 1-1 विकेट मिला।

### बांग्लादेश के दौरे पर है श्रीलंका

श्रीलंका क्रिकेट टीम बांग्लादेश के दौरे पर है। इस दौरे में टीम कुल तीन टी-20, तीन वनडे और दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी।

# नील वैगनर को जबरन रिटायरमेंट दिलाया गया

## रॉस टेलर बोले- कीवी बॉलर ने खुद को अवेलेबल रखा था; न्यूजीलैंड प्लेइंग-11 में नहीं मिली थी जगह

न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रॉस टेलर ने कहा है कि तेज गेंदबाज नील वैगनर को जबरन रिटायरमेंट दिलाया गया। उन्हें बता दिया गया था कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में उन्हें प्लेइंग इलेवन में नहीं चुना जाएगा। वैगनर ने हाल ही में पहले टेस्ट की शुरुआत से पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अपने रिटायरमेंट की घोषणा की।

टेलर ने ईएसपीएन के अराउंड द विकेट पॉडकास्ट पर कहा, मुझे लगता है कि यह सब अब थोड़ा-थोड़ा समझ में आता है। मुझे लगता है कि वैगनर को जबरदस्ती रिटायरमेंट दिलाया गया। यदि आप वैगनर की प्रेस कॉन्फ्रेंस को सुनते हैं, तो वह कहना चाह रहे थे कि रिटायरमेंट आखिरी टेस्ट खेलने के बाद लेंगे।

### वैगनर आज भी मेरी पहली चॉइस - टेलर

टेलर बोले मुझे लगता है कि भविष्य को देखते हुए टीम में बदलाव किया गया है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में जीत की स्थिति में, मैं नील वैगनर के आगे किसी को भी नहीं सोचूंगा। मुझे यकीन है कि ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज आराम से सो रहे होंगे, क्योंकि वैगनर टीम का हिस्सा नहीं है।

### न्यूजीलैंड के लिए 64 टेस्ट खेल चुके हैं

वैगनर मूल रूप से साउथ अफ्रीका के रहने वाले हैं। वे न्यूजीलैंड शिफ्ट हो गए थे। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए 64 मैच खेले हैं। जिसमें 3.13 की इकोनॉमी रेट से 260 विकेट ले चुके हैं। उन्होंने 2012 वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट साउथ




अफ्रीका के खिलाफ 13 से 16 फरवरी तक हुए मैच में खेला था।

### वैगनर ने संन्यास की घोषणा के बाद कुछ यादें भी शेयर कीं

संन्यास की घोषणा के बाद वैगनर ने मीडिया के साथ कुछ पुरानी यादें भी शेयर कीं। उन्होंने कहा 2014 में भारत के साथ पहली टेस्ट जीत, बारबाडोस में वेस्टइंडीज में न्यूजीलैंड की पहली टेस्ट सीरीज जीत, 2018 में इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीत को वह कभी नहीं भूलेंगे। वहीं, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और भारत और इंग्लैंड के खिलाफ पिछले साल टेस्ट में एक रन की जीत को कभी नहीं भूल पाएंगे।